Seventeenth Loksabha

>

Title: Request to open a CGHS dispensary centre at Dombivli/ Kalyan in Maharashtra.

डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे (कल्याण): महोदय, आपने मुझे शून्य काल में बोलने की अनुमति दी, इसके लिए आपका धन्यवाद ।

महोदय, पिछले 6 दशकों से सीजीएचएस हमारे देश में केन्द्र सरकार के कर्मचारियों और उनके परिवारों को सेवा प्रदान कर रही है । वर्तमान में 12 लाख प्राइमरी कार्ड होल्डर्स हैं और 37 लाख लाभार्थी इसका लाभ ले रहे हैं । मुम्बई डिविजन में 26 सीजीएचएस वेलनेस सेंटर और डिस्पेंसरीज हैं और सभी एमएमआर के बाहर हैं । केवल एक डिस्पेंसरी ही एमएमआर रीजन, मुम्बई मेट्रोपोलिटन रीजन में है । वह डिस्पेंसरी अंबरनाथ में है । इसके कारण सभी लाभार्थियों को अंबरनाथ, नहीं तो मुम्बई जाना पड़ता है, जिससे इन दो सेंटर्स पर बहुत ही भीड़ होती है । इन दोनों सेंटर्स पर निर्भर लाभार्थियों की संख्या बहुत ज्यादा है ।

मैं आपसे गुजारिश करता हूँ कि सीजीएचएस का एक और सेंटर डोंबिवली या कल्याण में दे दें, जिससे यह जो पूरी पॉपुलेशन है, इतने सारे लाभार्थी हैं, इनको लाभ मिल सके । उनको मुम्बई तक सफर न करना पड़े, क्योंकि उसमें ज्यादातार रिटायर्ड कर्मचारी हैं, बच्चे हैं, महिलाएं हैं । ज्यादा से ज्यादा लोगों को सीजीएचएस का लाभ मिले, इसलिए आप सीजीएचएस का एक सेंटर मेरे चुनाव क्षेत्र कल्याण या डोंबिवली में शुरू करने की अनुमति दें ।

माननीय अध्यक्ष : श्री विष्णु दत्त शर्मा– उपस्थित नहीं ।

श्री सौमित्र खान ।

श्री सौमित्र खान (बिष्णुपुर): महोदय, धन्यवाद ।

महोदय, आपके आशीर्वाद से मुझे मेरे जन्मदिन पर बोलने का मौका मिला, इसके लिए आपका धन्यवाद ।… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आपको बधाई हो ।

… (व्यवधान)